<u>तत्काल</u>

मि.सं.ई.12019/1/2017-रा.भा. /644

भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

(राजभाषा प्रभाग)

शास्त्री भवन, नई दिल्ली,

दिनांक: 04 अक्तूबर, 2017

कार्यालय ज्ञापन

विषय: राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह के संबंध में ।

संघ सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के अनुसरण में कारपोरेट कार्य मंत्रालय में दिनांक 01 सितम्बर, 2017 से दिनांक 15 सितम्बर, 2017 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया था। इस पखवाड़े के दौरान हिंदी भाषी और हिंदीतर भाषी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। **इन प्रतियोगिताओं में विजयी हुए प्रतिभागियों को अपर सचिव महोदय के करकमलों से दिनांक 05 अक्तूबर, 2017 को 11.00 बजे सम्मेलन कक्ष सं. 502 में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।**

अत: सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाओं सहित यह सूचित किया जाता है कि वे **उपर्युक्तानुसार 11.00 बजे से पूर्व सम्मेलन कक्ष में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।** इस अवसर पर कार्यालय के अन्य सभी पदधारियों से भी अनुरोध है कि वे पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

4/10/17

(डॉ. आर. रमेश आर्य)
संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

वितरण:

1. सभी अधिकारी/कर्मचारी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय
2. सूचना पट्ट/वेबसाइट, कारपोरेट कार्य मंत्रालय

प्रतिलिपि:

2. सचिव/अपर सचिव/महानिदेशक/संयुक्त सचिव(बी)/संयुक्त सचिव(के)/संयुक्त सचिव(जी)/संयुक्त सचिव (एसी)/संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार/आर्थिक सलाहकार के निजी सचिवों को सूचनार्थ
3. निदेश मिसिल।